# <u>कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बिलासपुर (छ0ग0)</u>

Telephone No. 07752-223271, Fax No. 07752-251008, E-mail ID -bilaspur.court@nic.in

## –:: सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन ::–

क्रमांक– 50 /दो–11–1/2022 बिलासपुर, दिनांक 10 **जनवरी, 2022**

**आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि – 15–01–2022 प्रातः 11:00 बजे से**
**आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि – 14–02–2022 शामः 05:00 बजे तक**

जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बिलासपुर की स्थापना में निम्नानुसार स्टेनोग्राफर (अंग्रेजी), स्टेनोग्राफर (हिन्दी) एवं सहायक ग्रेड–तीन के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती से पूर्ति हेतु भारतीय नागरिकों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :–

| क्र. | पद का नाम (तृतीय श्रेणी संवर्ग) | रिक्त पदों की संख्या | आरक्षित पद | | | | | | | | | | | | अनारक्षित पद | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनुसूचित जाति | | | | अनुसूचित जनजाति | | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | | | | | | |
| | | | मुक्त | महिला | भूतपूर्व सैनिक | दिव्यांग | मुक्त | महिला | भूतपूर्व सैनिक | दिव्यांग | मुक्त | महिला | भूतपूर्व सैनिक | दिव्यांग | मुक्त | महिला | भूतपूर्व सैनिक | दिव्यांग |
| 1 | **स्टेनोग्राफर (अंग्रेजी)** | **01** | – | | | | – | | | | – | | | | 01 | | | |
| | | | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | 01 | – | – | – |
| 2 | **स्टेनोग्राफर (हिन्दी)** | **12** | 02 | | | | 03 | | | | 01 | | | | 06 | | | |
| | | | 01 | 01 | – | – | 02 | 01 | – | – | 01 | – | – | – | 03 | 02 | 01 | – |
| 3 | **सहायक ग्रेड–तीन के समकक्ष** | **18** | 03 | | | | 05 | | | | 02 | | | | 08 | | | |
| | | | 02 | 01 | – | – | 02 | 02 | 01 | – | 01 | 01 | – | – | 04 | 02 | 01 | 01 |

**महत्वपूर्ण टीप :–**

1. पदों की संख्या परिवर्तनीय है।
2. महिलाओं को नियमानुसार होरिजोन्टल आरक्षण दिया जावेगा। किसी कारणवश महिला अभ्यर्थी का चयन न होने पर यदि पद रिक्त रह जाता है, तो ऐसे पद अग्रणित नहीं किया जावेगा। वरण उसी प्रवर्ग के पुरूष उम्मीदवार द्वारा भरे जा सकेगे।

## <u>–:: भर्ती की पात्रता एवं शर्तें ::–</u>

### (1) <u>स्टेनोग्राफर (अंग्रेजी) पद के लिए :–</u>

अ. छ0ग0 वेतन पुनरीक्षण नियम, 2017 के अंतर्गत वेतन मैट्रिक्स लेवल–7, वेतनमान 28700–91300

ब. **शैक्षणिक योग्यता –**

1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी के लिये न्यूनतम 40 प्रतिशत तथा अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थी के लिये न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण हो।
2. छ0ग0 या म0प्र0 शीघ्रलेखन तथा मुद्रलेखन बोर्ड या शासन द्वारा मान्यता प्राप्त किसी अन्य समकक्ष बोर्ड द्वारा <u>**अंग्रेजी शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन**</u> परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण पत्र।

3. किसी विश्वविद्यालय या राज्य सरकार या केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्था से डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन (DCA) प्रमाण पत्र के साथ एम0एस0 वर्ड तथा इंटरनेट का न्यूनतम कम्प्यूटर ज्ञान ।

**(2) स्टेनोग्राफर (हिन्दी) पद के लिए :–**

अ. छ0ग0 वेतन पुनरीक्षण नियम, 2017 के अंतर्गत वेतन मैट्रिक्स लेवल–7, वेतनमान 28700–91300

ब. **शैक्षणिक योग्यता –**

1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी के लिये न्यूनतम 40 प्रतिशत तथा अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थी के लिये न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण हो।
2. छ0ग0 या म0प्र0 शीघ्रलेखन तथा मुद्रलेखन बोर्ड या शासन द्वारा मान्यता प्राप्त किसी अन्य समकक्ष बोर्ड द्वारा **<u>हिन्दी शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन</u>** परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण पत्र।
3. किसी विश्वविद्यालय या राज्य सरकार या केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्था से डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन (DCA) प्रमाण पत्र के साथ एम0एस0 वर्ड तथा इंटरनेट का न्यूनतम कम्प्यूटर ज्ञान ।

**टीप :–** 1. 01 पद भूतपूर्व सैनिक के लिए आरक्षित है, उस संवर्ग से उम्मीदवारी की अनुपलबधता की दशा में भूतपूर्व सैनिक कल्याण बोर्ड, रायपुर से अनुमति प्राप्त करने के उपरांत उसी संवर्ग के पुरूष/महिला उम्मीदवार का चयन किया जावेगा।

**(3) सहायक ग्रेड–तीन पद के लिए :–**

अ. छ0ग0 वेतन पुनरीक्षण नियम, 2017 के अंतर्गत वेतन मैट्रिक्स लेवल–4, वेतनमान 19500–62000

ब. **शैक्षणिक योग्यता –**

1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी के लिये न्यूनतम 40 प्रतिशत तथा अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थी के लिये न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण हो ।
2. छ0ग0 या म0प्र0 शीघ्रलेखन तथा मुद्रलेखन बोर्ड या शासन द्वारा मान्यता प्राप्त किसी अन्य समकक्ष बोर्ड द्वारा **<u>हिन्दी मुद्रलेखन</u>** परीक्षा उत्तीर्ण करने का प्रमाण पत्र।
3. किसी विश्वविद्यालय या राज्य सरकार या केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्था से डिप्लोमा इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन (DCA) प्रमाण पत्र के साथ एम0एस0 वर्ड तथा इंटरनेट का न्यूनतम कम्प्यूटर ज्ञान ।

टीप :– 1. हिन्दी मुद्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण न होने वाले अभ्यर्थी आवेदन पत्र प्रस्तुत न करें।

2. 01 पद भूतपूर्व सैनिक के लिए आरक्षित है, उस संवर्ग से उम्मीदवारी की अनुपलबधता की दशा में भूतपूर्व सैनिक कल्याण बोर्ड, रायपुर से अनुमति प्राप्त करने के उपरांत उसी संवर्ग के पुरूष/महिला उम्मीदवार का चयन किया जावेगा।

## –:: आयु सीमा एवं पात्रता की अन्य शर्तें ::–

(अ) समस्त भारतीय नागरिक पात्र होंगे, जिनकी आयु 01 जनवरी, 2022 को 18 वर्ष से कम तथा 30 वर्ष से अधिक न हो, परन्तु छ0ग0 के स्थानीय/मूल निवासी अभ्यर्थी के लिए उच्चतर आयु सीमा 40 वर्ष होगी। छ0ग0 राज्य के स्थानीय निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रिमीलेयर), महिला इत्यादि के लिए अधिकतम आयु सीमा में राज्य शासन द्वारा जो छूट दी गई है, वे छूट यथावत लागू रहेगी तथा सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आयु के संबंध में समय–समय पर जारी

निर्देशों के आधार पर अभ्यर्थियों को आयु में दी जाने वाली सभी प्रकार के छूटों को सम्मिलित करने के बाद अधिकमत आयु 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

आयु संबंधी प्रमाण के लिए हाईस्कूल/हायर सेकेण्डरी के प्रमाण पत्र मान्य होंगे। जो अभ्यर्थी उच्चतर आयु सीमा में छूट चाहते हे, उन्हें संबंधित दस्तावेज आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को जाति प्रमाण पत्र की छायांप्रति आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा उन्हें अनारक्षित वर्ग के के अभ्यर्थी के रूप में मान्य किया जावेगा।

(ब) **अन्य शर्तें :–**

(1) रोजगार कार्यालय में उनका जीवित पंजीयन हो (कार्यरत शासकीय सेवकों को छूट रहेगी)

(2) छ0ग0 शासन, वित्त विभाग, मंत्रालय, रायपुर के वित्त निर्देश–21/2020 के आलोक में चयनित उम्मीदवारों को 03 वर्ष की परिवीक्षा में रखा जावेगा तथा परिवीक्षा अवधि में उन्हें निम्नानुसार स्टायपेण्ड देय होगा :–

प्रथम वर्ष – उस पद के वेतनमान के न्यूनतम का 70 प्रतिशत,

द्वितीय वर्ष – उस पद के वेतनमान के न्यूनतम का 80 प्रतिशत,

तृतीय वर्ष – उस पद के वेतनमान के न्यूनतम का 90 प्रतिशत,

परंतु परिवीक्षा अवधि में स्टायपेण्ड के साथ अन्य भत्ते कार्यरत अन्य कर्मियों की तरह प्राप्त होंगे।

(3) चयनित उम्मीदवारों को जिला स्थापना बिलासपुर के बाह्य न्यायालयों में नियुक्ति की जा सकेगी।

(4) चयनित उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत शैक्षणिक योग्यता, जाति, निवास प्रमाण पत्र फर्जी पाये जाने की दशा में चयनित उम्मीदवार को सूचना दिये बिना उसकी सेवा समाप्त किया जाकर दाण्डिक कार्यवाही संस्थित की जा सकेगी।

(5) उपरोक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया/चयन के समय अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को सक्षम प्राधिकारी के द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र की मूल प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

(6) आवेदन करने की तिथि में समस्त आवश्यक प्रमाण पत्र, जीवित (वैध) होना अनिवार्य है।

(7) जो अभ्यर्थी शासकीय सेवा/निगम/मण्डल/उपक्रम में कार्यरत है, उन्हें नियुक्ति प्राधिकारी/कार्यालय प्रमुख द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण–पत्र आवेदन के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

(8) कोई अभ्यर्थी जिसकी एक से अधिक पत्नी या पति (जैसी भी स्थिति हो) जीवित हो और कोई अभ्यर्थी जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो, जिसकी पहले से ही एक पत्नी या पति (जैसी भी स्थिति हो) जीवित है, वह नियुक्ति का पात्र नहीं होगा, परंतु यदि शासन का यह समाधान हो जाये कि ऐसा करने का विशेष कारण है, तो ऐसे अभ्यर्थी को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगा।

(9) कोई भी अभ्यर्थी जिसे महिला के विरूद्ध किसी अपराध का सिद्ध दोष ठहराया गया हो वह नियुक्ति का पात्र नहीं होगा।

(10) कोई भी उम्मीदवार, जिसने विवाह के लिए निर्धारित न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

(11) यदि विज्ञापित रिक्त पदों के विरूद्ध अत्यधिक संख्या में आवेदन प्रस्तुत होते हैं, तो ऐसे पदों की पूर्ति हेतु चयन समिति द्वारा मापदंड (Criteria) बनाया जायेगा, जिसके संबंध

में अभ्यर्थियों को परीक्षा के पूर्व जिला न्यायालय, बिलासपुर के वेबसाईट https://districts.ecourts.gov.in/bilaspur के माध्यम से अवगत कराया जायेगा।

## –:: आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की प्रकिया ::–

(1) आवेदन पत्र विज्ञापन के साथ संलग्न प्रारूप में प्रस्तुत किये जा सकेंगे। पूर्णतः भरे हुए आवेदन पत्र दिनांक 14–02–2022 की संध्या 05:00 बजे तक बंद लिफाफे में जिस पर स्पष्ट रूप से आवेदित पद स्टेनोग्राफर (अंग्रेजी)/ स्टेनोग्राफर (हिन्दी)/सहायक ग्रेड–तीन के पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र लिखा हो, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बिलासपुर के कार्यालय में रखे बॉक्स पर या पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रेषित किये जा सकते हैं। दिनांक 14–02–2022 की संध्या 05:00 बजे के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता, जाति, निवास, दिव्यांगता आदि से संबंधित समस्त आवश्यक प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायांप्रति संलग्न करना आवश्यक होगा।

(2) विज्ञापन का विस्तृत अवलोकन कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बिलासपुर के शासकीय वेबसाईट https://districts.ecourts.gov.in/bilaspur में किया जा सकता है तथा विज्ञापन में दिये गये आवेदन पत्र के प्रारूप का उपयोग, डाउनलोड कर किया जा सकता है।

(3) ऐसे अभ्यर्थी जो एक से अधिक पद हेतु आवेदन करना चाहते हैं उन्हें पृथक–पृथक आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होगा तथा लिफाफे के उपर आवेदित पद का नाम लिखना अनिवार्य है।

(4) आवेदन पत्र में आवेदक का नाम लिखा हुआ एवं दिनांक सहित स्वप्रमाणित रंगीन फोटो चस्पा होना चाहिये तथा पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड/वोटर कार्ड/ड्रायविंग लायसेंस/पेन कार्ड आदि की स्वप्रमाणित छायांप्रति संलग्न करें।

(5) ई–मेल, फैक्स, कोरियर के द्वारा प्रेषित आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जावेगा। केवल पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट या सीधे कार्यालय के बॉक्स (पेटी) में जमा करने या प्राप्त होने को ही स्वीकार किया जावेगा। आवेदन पत्र जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बिलासपुर को संबोधित करते हुए जिला एवं सत्र न्यायालय, बिलासपुर 495001 के पते पर प्राप्त किया जावेगा।

(6) बिना हस्ताक्षर, फोटोग्राफ एवं उचित दस्तावेज के अभाव में आवेदन पत्र निरस्त माना जावेगा।

(7) आवेदक को चाहिए कि वह विज्ञापन में दिये गये निर्देशों तथा आवेदन पत्र में वांछित सभी जानकारी अत्यंत सावधानीपूर्वक सही एवं पूर्ण जानकारी भरे। आवेदन पत्र में त्रुटि तथा अपूर्णता के आधार पर आवेदक को बिना सूचना दिये चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकेगा।

## –:: नियुक्ति हेतु चयन विधि ::–

1. **स्टेनोग्राफर (अंग्रेजी) हेतु :–**

**(अ) कौशल परीक्षा :–**

उम्मीदवारों से 100 शब्द प्रतिमिनट की गति से 2.50 मिनट का अंग्रेजी श्रुतलेख दिया जायेगा, जिसे परीक्षा के निर्धारित समय 20 मिनट की सीमा में शुद्धता से कम्प्युटर (Ubuntu Operating System) में टाईप करना होगा। कौशल परीक्षा 100 अंक की होगी।

2. **स्टेनोग्राफर (हिन्दी) हेतु :–**

**(अ) कौशल परीक्षा :–**

उम्मीदवारों से 100 शब्द प्रतिमिनट की गति से 2.50 मिनट का हिन्दी श्रुतलेख दिया जायेगा, जिसे परीक्षा के निर्धारित समय 20 मिनट की सीमा में शुद्धता से कम्प्युटर (Ubuntu Operating System) में टाईप करना होगा। कौशल परीक्षा 100 अंक की होगी।

3. **सहायक ग्रेड–तीन हेतु :–**

(अ) **कौशल परीक्षा :–**

उम्मीदवारों को लगभग 250 शब्द की हिन्दी गद्यांश को निर्धारित समय 10 मिनट की सीमा में शुद्धता से कम्प्युटर (Ubuntu Operating System) में टाईप करना होगा। कौशल परीक्षा 100 अंक की होगी।

## –:: चयन सूची तथा प्रतीक्षा सूची ::–

कौशल परीक्षा में प्राप्त अंकों का योग कर अंकों के आधार पर वर्गवार मेरिट सूची तैयार की जावेगी, जिसमें से अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की चयन सूची एवं वर्गवार प्रतीक्षा सूची तैयार की जावेगी। प्रतीक्षा सूची परिणाम घोषित होने की तिथि से एक वर्ष तक प्रभावशील रहेगी। समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में जन्मतिथि के आधार पर वरियता तय की जावेगी। जिस अभ्यर्थी की जन्मतिथि पहले होगी, उन्हें प्राथमिकता प्रदान की जावेगी।

## –:: महत्वपूर्ण निर्देश ::–

1. सामान्य प्रशासन विभाग, रायपुर का पत्र कमांक–1269/23/मु.म.नि./2014/1–7, दिनांक 23–08–2014 के अनुसार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिवार के सदस्यों को प्राथमिकता दिया जावेगा
2. चयनित उम्मीदवार को कार्यभार ग्रहण करते समय समस्त प्रमाण–पत्रों की मूल प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
3. चयनित उम्मीदवार को कार्यभार ग्रहण करते समय चिकित्सा बोर्ड से स्वस्थता का प्रमाण–पत्र प्राप्त कर प्रस्तुत करने के बाद ही सेवा में लिया जावेगा।
4. चयनित उम्मीदवारों को, जिसे नियुक्ति आदेश जारी किये गये हो, कार्यभार ग्रहण किये जाने के पश्चात् पुलिस सत्यापन नियमानुसार कराया जावेगा, आपराधिक गतिविधियों में शामिल पाये जाने की दशा में नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।
5. चयन प्रकिया के संबंध में जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बिलासपुर का निर्णय अंतिम व बंधनकारी होगा।
6. यह विज्ञप्ति बिना किसी कारण बताये किसी भी समय निरस्त की जा सकेगी।
7. जो अभ्यर्थी चयन प्रक्रिया एवं परीक्षा को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करने का प्रयास करेंगे, उसकी उम्मीदवारी किसी भी स्तर पर निरस्त कर दी जायेगी।
8. आवेदक जिला न्यायालय की वेबसाईट https://districts.ecourts.gov.in/bilaspur से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर परीक्षा हेतु उपस्थित होगा। पृथक से कोई प्रवेश पत्र कार्यालय द्वारा जारी नहीं किया जावेगा। प्रवेश पत्र में अभ्यर्थी के छायांप्रति कॉलम में वर्तमान रंगीन फोटो चस्पा एवं स्वहस्ताक्षरित कर प्रस्तुत करना होगा। साथ ही पहचान पत्र संबंधी दस्तावेज यथा आधार कार्ड, वाहन चालन लाइसेंस, मतदाता परिचय पत्र की मूल प्रति के साथ उपस्थित होवें, अन्यथा की दशा में परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जा सकेगा।
9. कौशल परीक्षा के लिये अभ्यर्थियों को स्वयं के व्यय पर परीक्षा तिथि को प्रवेश पत्र पर अंकित निर्धारित समय एवं स्थान पर उपस्थित रहना होगा। उन्हें किसी प्रकार का यात्रा व्यय देय नहीं होगा। अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने की स्थिति में परीक्षा एक से अधिक पाली में ली जा सकेगी।
10. प्राप्त आवेदन पत्रों की चयन समिति द्वारा कूट परीक्षण उपरांत पात्र एवं अपात्र आवेदकों की सूची का प्रकाशन जिला न्यायालय के वेबसाईट https://districts.ecourts.gov.in/bilaspur तथा सूचना पटल पर प्रकाशित किया जायेगा। उक्त प्रकाशन के संबंध में यदि कोई आपत्ति हो तो आवेदक 07 दिवस के भीतर स्वतः आकर लिखित आपत्ति चयन समिति के समक्ष पेश कर सकेंगे। अंतिम पात्र सूची आपत्ति के निराकरण पश्चात् वेबसाईट पर प्रकाशित की जावेगी।

11. आवेदक परीक्षा के लिये निर्धारित तिथि पर प्रवेश पत्र के प्रोफार्मा को स्वयं भरकर परीक्षा के लिये निर्धारित समय से एक घण्टा पूर्व उपस्थित होंगे, विलम्ब से उपस्थित होने पर परीक्षा में शामिल नहीं किया जावेगा।

**<u>महत्वपूर्ण टीप :–</u>**

यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी कि वे आवेदित पद के लिये निर्धारित समस्त अर्हताओं तथा शर्तों को पूरा करते हैं। आवेदन करने के पहले आवेदक अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर लें और अर्हता की समस्त शर्तों को पूरा करने पर ही आवेदन पत्र प्रस्तुत करें। परीक्षा में शामिल किये जाने का यह अर्थ कदापि नहीं होगा कि आवेदक को अर्ह मान लिया गया है। चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक के अनर्ह पाये जाने की दशा में आवेदन पत्र निरस्त कर उम्मीदवारी समाप्त मानी जावेगी। नियुक्ति के पश्चात् कोई सारवान जानकारी छुपाये जाने पर कभी भी सेवा समाप्त की जा सकेगी।

स्थान–बिलासपुर
दिनांक 10/1/2022

10/1/2022
अध्यक्ष
चयन समिति
जिला एवं सत्र न्यायाधीश
बिलासपुर छ0ग0

# आवेदन पत्र का प्रारूप

## (स्टेनोग्राफर (अंग्रेजी), स्टेनोग्राफर (हिन्दी) एवं सहायक ग्रेड–तीन के पद पर नियुक्ति हेतु)

प्रति,

जिला एवं सत्र न्यायाधीश

बिलासपुर (छ0ग0)

आवेदक का स्वहस्ताक्षरित नवीनतम पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो, नाम एवं दिनांक सहित

1. आवेदित पद का नाम : ..................................................

2. आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में) : ..................................................

(अंग्रेजी के ब्लॉक लेटर्स में) : ..................................................

3. लिंग–पुरूष / महिला : ..................................................

4. पिता / पति का नाम : ..................................................

5. (अ) पत्र व्यवहार का वर्तमान पता : ..................................................

: ..................................................

: ..................................................

(ब) स्थाई पता : ..................................................

: ..................................................

: ..................................................

6 (अ) जन्म तिथि (अंकों में) : ..................................................

शब्दों में : : ..................................................

(ब) दिनांक 01 / 01 / 2022 को आयु : .................. वर्ष .................. माह .................. दिन

7. आवेदक का मोबाईल नंबर : ..................................................

8. क्या आवेदक छत्तीसगढ़ का मूल निवासी है ? हॉ / नहीं : ..................................................

(यदि हां, तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करे)

9. क्या आवेदक छत्तीसगढ़ शासन द्वारा : ..................................................
छत्तीसगढ़ के लिये घोषित अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग का सदस्य है ? हां / नहीं

(यदि हां, तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करे)

10. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ : ................................................................
अन्य पिछड़ा वर्ग अंकित करें

11. क्या आवेदक दिव्यांग है ? हां/नहीं : ................................................................
(यदि हां, तो दिव्यांगता संबंधी जिला मेडिकल
बोर्ड का सत्यापित प्रमाण पत्र की छायांप्रति संलग्न करे)

12. दिव्यांगता का प्रकार एवं प्रतिशत : ................................................................

13. क्या आवेदक भूतपूर्व सैनिक है ? हां/नहीं : ................................................................
(यदि हां, तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करे)

14. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक : ................................................................
एवं दिनांक

15. रोजगार कार्यालय का नाम : ................................................................

16. क्या आप विवाहित है ? हां/नहीं : ................................................................

17. यदि विवाहित है तो विवाह की तिथि : ................................................................

18 शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता : ................................................................

| क्रं. | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | बोर्ड/वि.वि. का नाम | विषय | प्राप्तांक/पूर्णांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |

19. क्या आवेदक शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था : ................................................................
में सेवारत है ? हां/नहीं (यदि हां, तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की सत्यापित छायांप्रति संलग्न करे)

20. स्वप्रमाणित संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची –

**टीप :– प्रमाण पत्र नीचे दिये गये अनुकम में संलग्न करे।**

| **प्रमाण पत्र का नाम** | **संलग्न है/संलग्न नहीं** |
|---|---|
| 1. हाई स्कूल प्रमाण पत्र | ............................................ |
| 2. हायर सेकेण्डरी स्कूल प्रमाण पत्र | ............................................ |
| 3. स्नातक प्रमाण पत्र | ............................................ |
| 4. स्नातकोत्तर प्रमाण पत्र | ............................................ |
| 5. हिन्दी/अंग्रेजी शीघ्रलेखन प्रमाण पत्र | ............................................ |
| 6. हिन्दी/अंग्रेजी मुद्रलेखन प्रमाण पत्र | ............................................ |
| 7. कम्प्युटर योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र | ............................................ |
| 8. छ0ग0 मूल निवास प्रमाण पत्र | ............................................ |
| 9. छ0ग0 स्थायी जाति प्रमाण पत्र | ............................................ |
| 10. दिव्यांगता संबंधी प्रमाण पत्र | ............................................ |
| 11. जीवित रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र | ............................................ |
| 12. अन्य | ............................................ |

## –:: घोषणा पत्र ::–

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि इस प्रपत्र में दिये गये समस्त विवरण तथा संलग्न अभिलेख मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है और यदि झूठे पाये जाते हैं, तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति निरस्त किये जाने योग्य होगी।

स्थान ...................

दिनांक .................

आवेदक का हस्ताक्षर

नाम एवं पूरा पता

मोबाईल नंबर

ई–मेल नं.

(मोबाईल नंबर एवं ई–मेल अनिवार्य रूप से भरें)

# कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बिलासपुर (छ0ग0)

## –:: प्रवेश पत्र ::–

**(स्टेनोग्राफर (अंग्रेजी)/ स्टेनोग्राफर (हिन्दी)/सहायक ग्रेड–तीन के पद हेतु)**

| आवेदक का स्वहस्ताक्षरित नवीनतम पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो, नाम एवं दिनाक सहित |
|---|

| | | | |
|---|---|---|---|
| | आवेदक का पंजीयन कमांक | : | ........................................ |
| | परीक्षार्थी का अनुकमांक | : | ........................................ |
| 1. | आवेदित पद का नाम | : | ........................................ |
| 2. | अभ्यर्थी का नाम | : | ........................................ |
| 3. | पिता/पति का नाम | : | ........................................ |
| 4. | वर्ग (अना./अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व) | : | ........................................ |
| 5. | परीक्षा की तिथि | : | ........................................ |
| 6. | समय | : | ........................................ |
| 7. | परीक्षा केन्द्र | : | ........................................ |

परीक्षार्थी के हस्ताक्षर

## –:: कार्यालयीन उपयोग हेतु ::–

वास्ते/जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
बिलासपुर छ0ग0

**परीक्षार्थी के लिये अनुदेश :–**

1. परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटा पूर्व उपस्थित होना अनिवार्य है। विलंब से उपस्थित होने पर परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जावेगी।
2. परीक्षा के दिन परीक्षार्थी को अपना प्रवेश पत्र लाना अनिवार्य है। परीक्षा में केवल काले अथवा नीले पेन का ही उपयोग करें। परीक्षार्थी उक्त प्रवेश पत्र को स्वयं भरकर साथ लेकर आवे। पृथक से प्रवेश–पत्र नहीं भेजा जावेगा। आवेदन पत्र के पंजीयन कमांक तथा अनुकमांक की जानकारी परीक्षार्थी जिला न्यायालय के वेबसाइट https://districts.ecourts.gov.in/bilaspur से प्राप्त करे।
3. परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार के अस्त्र–शस्त्र, कागजात, चीट, पुस्तक, नोट्स, पेजर, कैल्कुलेटर, मोबाईल, लॉग, टेबल, ब्लू टूथ आदि रखना वर्जित है अन्यथा परीक्षार्थी की परीक्षा से वंचित कर दिया जावेगा, जिसके लिये परीक्षार्थी स्वयं जिम्मेदार होगा।
4. प्रवेश पत्र में दिये गये निर्धारित स्थान पर आवेदन पत्र में संलग्न किये गये फोटो के अनुसार ही फोटा चिपकाना/चस्पा करना अनिवार्य है। एक अतिरिक्त फोटो साथ लेकर आवश्यक रूप से लावें।
5. परीक्षार्थी प्रवेश पत्र में हस्ताक्षर केवल परीक्षा के दिन,परीक्षा कक्ष में पर्यवेक्षक के समक्ष ही करें।